हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 29 नवंबर 2025

04 नशे का गढ़ बना बैतूल का गंज, दुकानों में बच्चों को ...



08 कलेक्टर ने अवैध शराब की बिक्री पर प्रभावी रोक...





**खबर संक्षेप**

### 1 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी से ई-साक्षी पोर्टल पर प्राप्त प्रस्ताव पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से 01 निर्माण कार्य के लिए कुल 01 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी से प्राप्त प्रस्ताव पर विकासखण्ड सोहागपुर के ग्राम अजनेरी में सार्वजनिक कवर्ड बैठक स्थल निर्माण के लिए 01 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### निशुल्क नेत्र शिविर का किया गया आयोजन

**सोहागपुर।** सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिरायु मेडिकल कॉलेज भोपाल द्वारा नर्मदापुरम-जिला अंधत्व निवारण समिति के सौजन्य से गत दिवस निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर तथा नेत्र सहायक एके शाक्य ने बताया कि चिरायु हॉस्पिटल भोपाल से आए नेत्र विशेषज्ञों एवं उनकी टीम ने शिविर में मरीजों का उपचार कर उचित चिकित्सकीय परामर्श दिए। शाक्य ने बताया कि शिविर में 122 मरीजों की जांच की गई व 54 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए। 54 मरीजों को बस से चिरायु हॉस्पिटल भोपाल ले जाया गया।

## वर्षों से मांग करती आ रही है क्षेत्रीय जनता, संगठन भी कर चुके हैं मांग

# न जाने कब पूरी होगी रहवासियों की रेलवे अंडरब्रिज निर्माण की आस...?

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जानकारी अनुसार नागरिक संघर्ष समिति शहर के समस्या प्रभावित दो वार्डों सहित प्रभावित गांवों में भी कई बार बैठकें कर चुकी है। ताकि रेलवे संपार गेट की बाधा दूर हो व ब्रिज बनाया जाए। सूत्र बताते हैं कि लाडसपुरा रेलवे गेट पर ओवर या अंडरब्रिज निर्माण की मांग सांसद व विधायक के समक्ष भी रखी जा चुकी हैं तथा दोनों से खासे आश्वासन भी जनता को मिले हैं। अब जनता को प्रतीक्षा है कि ये दोनों ही जनप्रतिनिधि शीघ्र ही शहर के दो वार्डों व एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों की समस्या का समाधान करें। इसके अलावा सोहागपुर जन कल्याण समिति की ओर से भी क्षेत्रीय व जिला जनप्रतिनिधियों सहित जिला प्रशासन तथा रेलवे जबलपुर मंडल के अधिकारियों को कई बार लिखित आवेदन सौंपे व भेजे जा चुके हैं। लेकिन जनता की समस्या जस की तस है।

शहर में लाडसपुरा रेलवे संपार गेट पर ब्रिज निर्माण की नागरिकों की वर्षों की मांग लंबित है। विविध समितियां समय-समय पर मांग को बल देती रही हैं। लेकिन परिणाम नज़र ही नहीं आ रहे हैं और जनता निराश है।




### रात्रि में परेशान होते हैं नागरिक

क्षेत्रवासियों के अनुसार सर्वाधिक समस्या रात्रि में होती है, जब कई बार काफी देर तक लाडसपुरा रेलवे फाटक बंद रहता है। तब फाटक के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। अंधेरे या ठंड व बरसात के मौसमी प्रभावों से नागरिक रात्रि में भी परेशान होते हैं। खासकर मरीजों तथा गर्भवती महिलाओं को अत्यधिक असुविधा होती है। बीमारों अथवा गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने के लिए रेलवे लाइन के दूसरी ओर के शहरी वार्डों अथवा ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक बहुत अधिक परेशान होते हैं। नागरिकों ने सांसद तथा विधायक से समस्या निराकरण की मांग की है।

### बड़ी आबादी प्रभावित

देवेंद्र कुशवाहा सहित नागरिक संघर्ष समिति से शिवकुमार पटेल तथा सोहागपुर जन कल्याण समिति अध्यक्ष राम निरंजन जायसवाल के अनुसार शहर के तिलक वार्ड तथा इंदिरा वार्ड सहित कुछ गांवों के बाशिंदे रेलवे ब्रिज न होने की समस्या से परेशान हैं। इन गांवों में नयागांव, कूकरा, डूंडादेह, डूंडाखापा, सिंगवाड़ा, बिछुआ, बिनैका, सियारखेड़ा, छेड़का, कामती रंगपुर, सारंगपुर, सेहरा, टेकापार, चारगांव, टूराखापा, सिटिया गोहना, गौंड़ी मड़काढाना, गौंड़ीखेड़ी माल, गोहनादेह, समनापुर, रेंगाखेड़ा, भजियाढाना, जिजवाड़ा आदि शामिल हैं।

### रेलवे ने लिखा था पत्र

शहर के समस्याग्रस्त क्षेत्र तिलक वार्ड के निवासी तथा कुशवाहा समाज इकाई के मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुशवाहा ने बताया कि लाडसपुरा संपार गेट पर ब्रिज ज़रूरी है। वर्ष 2013 में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने रेलवे को पत्र लिखे, पोस्टकार्ड अभियान व व्रत अभियान चलाया। रेलवे ने भी ब्रिज के लिए मप्र लोनिवि को पत्र लिखकर अनुमानित लागत 3.5 करोड़ रुपए की दो प्रतिशत राशि मांगी थी। लेकिन यह नहीं हो सका और मांग अभी भी अधूरी है।

## जारी है खारदा मार्ग पर बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी उत्खनन

### 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र में बने गहरे गड्ढे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नर्मदापुरम–हरदा मुख्य मार्ग से भिलट देव के आगे नहर किनारे होते हुए ग्राम खारदा जाने वाले मार्ग पर बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी उत्खनन किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, अज्ञात लोगों द्वारा एक खेत में पोकलेन मशीन लगाकर लगातार मिट्टी खोदी जा रही है तथा उसे डंपरों में भरकर बाहर भेजा जा रहा है। डंपरों की निरंतर आवाजाही के कारण मुख्य मार्ग पर भी बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों को खतरा बढ़ गया है।बताया जा रहा है कि अवैध उत्खनन का दायरा इतना विस्तृत है कि लगभग 5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि में गहरे गड्ढे बन चुके हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बीते कई दिनों से रात-दिन मशीनों की आवाजें सुनाई दे रही थीं। मौके पर जाकर देखा गया कि खेत के बड़े हिस्से को पोकलेन मशीन से खोदकर मिट्टी हटाई जा रही है, जिससे जमीन की संरचना गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि इस तरह का अवैध उत्खनन न केवल शासन को राजस्व हानि पहुँचाता है, बल्कि उपजाऊ भूमि को भी बंजर बनाकर भविष्य में किसानों की आजीविका पर संकट खड़ा कर सकता है। साथ ही, इतने बड़े पैमाने पर गड्ढे बन जाने से दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन मौके पर जाकर जांच करे, अवैध उत्खनन रोककर जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### कॉलेज में रासेयो ने मनाया संविधान दिवस

**सोहागपुर।** पं. जवाहरलाल नेहरू कॉलेज सोहागपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो द्वारा गत दिवस संविधान दिवस मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा ने व्याख्यान दिया व मूल कर्तव्यों की जानकारी स्वयं सेवकों को दी। उन्होंने भारतीय संविधान में वर्णित मुख्य स्तंभों कार्यपालिका, विधायिका तथा न्यायपालिका के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान प्राध्यापक यशवंत यादव, आरती ठाकुर, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जीएस ठाकुर एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे। सभी को संविधान रक्षा की शपथ भी दिलाई गई।




## रोजगार मेला हुआ संपन्न, क्षेत्र के 219 युवाओं को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पं. जवाहरलाल नेहरू कॉलेज सोहागपुर में बुधवार को जिला स्तरीय रोजगार एवं स्व रोजगार मेला सम्पन्न हुआ। जिसमें 219 युवा लाभान्वित हुए हैं। कुछ युवाओं को तत्काल नियुक्ति पत्र भी दिये गए। सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज ने बताया कि मेले में 190 युवा प्राथमिकता आधार पर चयनित किये गए हैं। साथ ही स्वरोजगार में 29 युवा लाभान्वित हुए। इस तरह 219 युवाओं को लाभ दिया गया। सरोज ने बताया कि छह युवाओं को ऑन स्पॉट नियुक्ति दी गई है। मेले का आयोजन नर्मदापुरम-कलेक्टर सोनिया मीणा के निर्देशानुसार किया गया। जिसमें 15 से अधिक कंपनियों ने भागीदारी कर स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर दिये। एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को ऋण प्रमाण पत्र वितरित किए। ग्रामीण आजीविका मिशन तहत चयनित लाभार्थियों को मिनी राइस मिल, आटा चक्की एवं पशु आहार इकाई स्थापित करने बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत किए गए। प्लेसमेंट आफिसर धर्मेश तिवारी ने बताया कि मेले में छह युवाओं को तीन कंपनियों द्वारा मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए। अब शेष युवाओं को कंपनिया आगे की प्रक्रिया के लिये अपने संस्थानों में बुलाएंगी। इस रोजगार मेले मे कुल 16 कंपनियां एवं छह शासकीय विभागों ने स्टॉल लगाए।




### संदीपनी स्कूल में हुआ जादू नहीं विज्ञान है कार्यक्रम

**सोहागपुर।** बुधवार को शासकीय संदीपनि विद्यालय सोहागपुर में ब्लॉक स्तरीय 'जादू नहीं विज्ञान है-समझना समझाना आसान है' थीम अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से उपस्थित बच्चों ने विज्ञान नाटिका एवं प्रयोगों का प्रदर्शन किया। प्राचार्य रामकिशोर दुबे के अनुसार आमजनों में फैले अंधविश्वास को दूर कर चमत्कारों के पीछे छिपे विज्ञान को समझाने का प्रयास आयोजन में किया गया। इस अवसर पर आयोजित हुई प्रतियोगिता में शासकीय हाईस्कूल बांसखापा ने प्रथम, संदीपनि स्कूल सोहागपुर ने द्वितीय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शोभापुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किये। कार्यक्रम में सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी, सहित शिक्षक, विद्यार्थी एवं संदीपनि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




## जिला न्यायालय नर्मदापुरम में नवनिर्मित कुटुम्ब न्यायालय का किया गया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला न्यायालय परिसर नर्मदापुरम् में गत दिवस 27 नवम्बर को नवनिर्मित कुटुम्ब न्यायालय का लोकार्पण किया गया।

लोकार्पण मुख्य न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर संजीव सचदेवा द्वारा पोर्टफोलियो न्यायाधीश नर्मदापुरम् न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की उपस्थिति में वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से उच्च न्यायालय जबलपुर से किया। लोकार्पण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम् तृप्ति शर्मा, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय दीपक गुप्ता, अध्यक्ष अभिभाषक संघ नर्मदापुरम् दीपक जैन, पीठासीन अधिकारी उपभोक्ता फोरम विजय पाण्डे, विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार, सेंशन न्यायाधीश अभिनव कुमार जैन, जफर इकबाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फिरोज अख्तर एवं अन्य न्यायाधीशगण उपस्थित रहें। जिला अभिभाषक संघ नर्मदापुरम की ओर से उपाध्यक्ष मनोज यादव, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा एवं अधिक संख्या में अधिवक्तागण एवं तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




## बजरंग दल ने मासूम के साथ हुए अत्याचार का जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

6 वर्ष की मासूम बिटिया के साथ हुए अत्याचार को लेकर पूरे प्रदेश की जनता मैं आक्रोश है और प्रत्येक नगर प्रत्येक गांव में घटना को लेकर धरना प्रदर्शन का दौर जारी है इसी तारतम्य मे पीपल चौक पर बजरंग दल नगर इकाई सेमरी हरचंद के साथ समस्त सामाजिक संगठनों ने पीड़िता को न्याय दिलाने एवं दुराचारी सलमान को फांसी की सजा दिलाने की मांग को लेकर नगर के पीपल चौक पर एकत्रित होकर दुराचारी सलमान को फांसी की सजा देने की मांग की गई और उसका पुतला फूंका । प्रदर्शन में बजरंग दल प्रांत सुरक्षा प्रमुख श्रीकांत पटेल जिला मंत्री रोहित ठाकुर जिला सहसंयोजक रूपेश रघुवंशी प्रखंड अध्यक्ष सौरभ मड़वार नगर महामंत्री देव मीना अनुज मालवी प्रशांत पटेल दीपेश पटेल सूरज चौधरी रितिक अनुज हरि ओम हर्ष गौतम पटेल एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



## समाजसेवी अग्रवाल ने सरस्वती शिशु मंदिर में वितरित किए बच्चों को गणवेश के स्वेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

'नर सेवा-नारायण सेवा' के भाव से प्रेरित क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल ने गत दिनों नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में भैया बहनों को ठंड से बचने के लिए गणवेश के स्वेटर वितरित किये हैं। अखिल भारतीय विद्या भारती द्वारा निर्धारित गणवेश की स्वेटर सहित बच्चों को टोपे भी वितरण किए गए हैं। इस अवसर पर अग्रवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परमार्थ के कार्य करने से आनंद की अनुभूति होती है तथा मन में संतोष के भाव जागृत होते हैं। उन्होंने कहा कि ₹तेरा तुझको अर्पण क्या लागे मेरा₹, अर्थात जो कुछ भी हमारे पास है, यह सब आप लोगों का ही है। अग्रवाल के अनुसार उनके मन में विचार आया कि बच्चों के लिए कुछ करना चाहिए। जिसके बाद विद्यालय के प्रबंधन की सहमति पर गणवेश स्वेटर वितरण कार्यक्रम किया गया। जानकारी अनुसार वनवासी क्षेत्र में चल रहे संस्कार केंद्रों में भी जरूरतमंद भैया बहनों को स्वेटर, मोजे एवं अन्य गर्म कपड़े वितरित करने की योजना समाजसेवियों के माध्यम से बनाई गई है। इस अवसर पर विद्यालय संचालन समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार पालीवाल, व्यवस्थापक संजीव दुबे, कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन सहित विद्यालय आचार्य, दीदी एवं भैया बहन उपस्थित थे।



## श्रीमद् नर्मदापुराण ज्ञान यज्ञ शुरू, निकाली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के रघुवंशीपुरा वार्ड में शुक्रवार से श्रीमद् नर्मदापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन हुआ है। आयोजक बटोबाई रघुवंशी तथा उनके परिजनों से प्राप्त जानकारी अनुसार नर्मदापुराण ज्ञान यज्ञ की कलश यात्रा शुक्रवार 28 नवंबर की सुबह निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। इसके बाद दोपहर एक बजे से कथा शुरू हुई।

जानकारी अनुसार नियमित ही दोपहर एक से शाम पांच बजे तक कथा होगी। जिसमें पं. श्रीराम श्रोति कथा सुनाएंगे। आयोजन से जुड़े सुरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि चार दिसंबर 2025 गुरुवार को पुराण पूजन, हवन, कथा विराम का आयोजन पूर्णाहुति के साथ होगा। इस अवसर पर भंडारा आयोजन भी किया जाएगा। आयोजक परिवार ने धर्म प्रेमी जनता से कथा सुनने के लिये उपस्थिति की अपील की है।

### वक्ताओं द्वारा दिए जाएंगे प्रवचन

## 22 से 31 जनवरी तक होगा श्री रामचरित्र मानस महायज्ञ का आयोजन, हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

क्षेत्र के तुलसी नगर पुरानी गल्ला मंडी में 22 जनवरी से 31 जनवरी तक चलने वाले रामचरितमानस यज्ञकी आधार शिला रखने के भूमि पूजन किया गया। जिसमें मुख्य यजमान संतोष पिता गोपीलाल शर्मा अपनी धर्म पत्नी के साथ पूजन किया गया। आचार्य वीरेंद्र पुरोहित, सुनील मिश्रा, गौरीशंकर सहित अन्य सभी ब्राह्मणों के द्वारा पूजन संपन्न कराया गया। वहीं यज्ञाचार्य राजेन्द्र कुमार के द्वारा लगातार कार्य पूरा कराया जाएगा। मानस सम्मेलन मे प्रमुख वक्त के रूप में बीना पीठाधीश्वर रामानुजाचार्य लक्ष्मण आचार्य महाराज, ब्रह्मचारीजी महाराज मांगरोल शिवमशुक्ला प्रयागराज सुरेश शरण आदि शामिल हुए हैं। यज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम सुन्दर सोनी विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका से नवनीत नागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल पूर्व विधायक अर्जुनलाल पलिया पूर्व नपाध्यक्ष राजीव जायसवाल राजा पलियाभगवान दास अग्रवाल सहित सभी व्यापारियों सहित नागरिक उपस्थित रहे। विधि विधान से यज्ञशाला का निर्माण कार्य प्रारंभकिया जा रहा है। यज्ञोपवीत संस्कार सहित अन्य कार्य भी किये जाएंगे।



### आपकी पूंजी आपका अधिकार शिविर का किया गया आयोजन

**नर्मदापुरम।** वित्त मंत्रालय, भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक और एसएलबीसी भोपाल के निर्देशानुसार शुक्रवार 28 नवम्बर 2025 को जिला पंचायत, नर्मदापुरम में जिला अग्रणी बैंक कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा "आपकी पूँजी आपका अधिकार" शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सभी प्रमुख बैंकों ने स्टॉल लगाकर उन ग्राहकों को त्वरित सेवाएँ दीं, जिनके खातों में पिछले10सालों से कोई लेनदेन नहीं हुआ था और जिनकी जमा राशि (अनक्लैम्ड एसेट्स) में अंतरित हो गई थी। शिविर में उपमहाप्रबंधकअलका अजित गर्डे और रोशनी हजेला ने उपस्थित ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा, वह उपरोक्त शिविर का लाभ उठाकर अपनी अनक्लैम्ड जमा राशि को अतिशीघ्र बैको मे आवश्यक कार्यवाही कर प्राप्त करें, तथा बैंकों को भी निर्देशित किया कि वह भी ऐसे ग्राहकों को बेहतर सुविधा प्रदान करें।

## ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य के लिए हटाया गया अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

जनपद क्षेत्र की कई पंचायत में मंगल भवन, स्कूल भवन का निर्माण होना है और निर्माण कार्य की राशि भी पंचायत को प्राप्त हुई है लेकिन जहां निर्माण कार्य होना है वहां अतिक्रमण के कारण पंचायत के प्रतिनिधि एवं कर्मचारियो अतिक्रमण के मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है वहीं वरिष्ठ कार्यालय से निर्माण कार्य की प्रगति पूछी जा रही है। शुक्रवार को राजस्व एवं पुलिस के अमले ने ग्राम कोंडरवाड़ा में अतिक्रमण हटाकर मंगल भवन निर्माण के लिए लेआउट कराया वही शुक्कर वाडा में जिस जगह स्कूल भवन का निर्माण किया जाएगा वहां भी अतिक्रमण हटाकर ले आऊट कराया है। पंचायत सचिव दुलारे मालवीय ने बताया अतिक्रमण के कारण निर्माण नहीं कर पा रहे थे अब शीघ्र ही मंगल भवन का निर्माण किया जाएगा ग्राम वासियों को मंगल भवन की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

**खबर संक्षेप**

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बैतूल।** बैतूल-इंदौर हाईवे पर गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। दनोरा के पास गड़ा टोल के समीप एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार मुकेश देशमुख (46) को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मुकेश को तत्काल एनएचएआई की एम्बुलेंस से बैतूल जिला अस्पताल लाया गया थी। हादसे के समय मुकेश अकेले बाइक से बैतूल की ओर जा रहे थे। हादसे में उन्हें सिर में गंभीर चोट लगी थी, जिससे मौके पर ही अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। पुलिस ने शव को जिला चिकित्सालय में पोस्ट मार्टम कर परिजनों को सौंपा दिया। फिलहाल अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जांच जारी है।

## आनंद भजन में पधारी घोड़ाडोंगरी विधायिका

**शाहपुर।** नगर के विजय भवन में चल रहे एकल संस्थान की कार्यशाला में संध्या काल के समय मां भारती की मंगल आरती एवं आनंद भजन के समय घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र की विधायिका श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके, भाजपा मंडल अध्यक्ष शाहपुर नीतू शक्ति गुप्ता, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शाहपुर उमेश अविनाश पाटील श्याम राठौर, युवा भाजपा नेता मयंक वर्मा, सोहन प्रजापति वार्ड नंबर 1 की पार्षद दीपिका हरिओम बोरबन, ममता वर्मा, दीपिका जैन एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता और वार्ड क्रमांक 12 मंगल पांडे वार्ड पत्तोआपुरा शाहपुर की महिला शक्ति कार्यक्रम में उपस्थित हुई। दिव्या शानू कदम ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बनाया। सभी के द्वारा भारत माता की आरती की गई। प्रसादी दीपना संजय जगताप के द्वारा अर्पित की गई। आनंदमय भक्ति भजन सभी एकल प्रशिक्षण की महिलाओं एवं नगर से उपस्थित हुई नारी शक्ति के द्वारा किए गए। एकल संस्थान की महिलाओं के द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की गई। भविष्य में अच्छे कार्य करने एवं संस्कारवान भविष्य का निर्माण करने की शुभकामनाएं दी गई।

## दो दिवसीय बैगलेस डे में बच्चों ने सीखी लिप्पन और ढोकरा कला

**बैतूल।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बैतूल में 27 और 28 नवंबर को बैगलेस डे का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने बिना बैग के रचनात्मकता से भरे इन दो दिनों का आनंद लिया। विद्यालय में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में बच्चों को कला, अभिव्यक्ति और व्यावहारिक ज्ञान को नजदीक से समझने का अवसर मिला, जिसने उनके उत्साह और सीखने की जिज्ञासा को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम के पहले दिन बच्चों को गुजरात की प्रसिद्ध लिप्पन कला से रूबरू कराया गया। इस अवसर पर भोपाल से पधारे कला के माहिर कलाकार आशीष कुमार कुशवाहा ने विद्यार्थियों को लिप्पन कला की बारीकियों को सरल और व्यवहारिक तरीके से सिखाया। मिट्टी, बनावट और डिजाइन के संतुलन को समझते हुए बच्चों ने अपने हाथों से खूबसूरत कलाकृतिया बनाईं। बच्चों में उत्साह का यह आलम था कि हर विद्यार्थी अपनी रचना को नये रूप में ढालने के लिए उत्सुक दिखाई दिया। दूसरे दिन छात्रों को छत्तीसगढ़ की पारंपरिक ढोकरा कला का व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। आशीष कुमार कुशवाहा ने अपने अनुभव और कौशल के आधार पर इस लोककला के ऐतिहासिक स्वरूप, तकनीक और निर्माण प्रक्रिया को रोचक तरीके से समझाया। ढोकरा कला अपने विशिष्ट धातु कार्य और परंपरागत शिल्प के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है, जिसे देखकर बच्चे अत्यंत प्रभावित हुए। दो दिनों में छात्रों ने कला के माध्यम से भारतीय संस्कृति को समझा और अपनी रचनात्मक क्षमताओं को भी मजबूती दी। विद्यालय प्राचार्य आर. एन. पांडे ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में हर कला का अपना महत्व होता है और बच्चों को हर क्षेत्र में दक्षता प्राप्त करने के लिए ऐसे कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी होते हैं।

### स्कूल-कोचिंग-कॉलेज के बीच खुलेआम अवैध कारोबार

# नशे का गढ़ बना बैतूल का गंज, दुकानों में बच्चों को बैठाकर करा रहे नशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**शहर में युवा अब धीरे-धीरे नशे की लत की ओर बढने लगे है। हालात यह है कि मुख्य बाजार, शासकीय कॉलेज, स्कूलों और कोचिंग क्लासेस के ठीक बीच स्थित कई दुकानों में नाबालिग बच्चों को खुलेआम सिगरेट, तंबाकू, सिगरेट और अन्य नशीले पदार्थ का सेवन करते देखा जा सकता है। सबसे ज्यादा शहर का गंज क्षेत्र, जो शिक्षा और व्यापार का प्रमुख केंद्र माना जाता है, आज नशे के अंधेरों में डूबता जा रहा है।**



सूत्र और स्थानीय नागरिक बताते हैं कि यह कोई सामान्य बिक्री नहीं, बल्कि संगठित और योजनाबद्ध नशे का रैकेट है। कई दुकानों में बच्चों के लिए बैठने की जगह तक बनाई गई है, जहाँ उन्हें आराम से नशा कराया जाता है। शहर के सबसे व्यस्त और भीड़भाड़ वाले हिस्से मुख्य बाजार और कॉलेज के बीच यह सब हो रहा है, जिससे शहर की शांत वातावरण खराब होने लगा है। शाम होते ही शराब दुकानों, पानठेलों और चौक-चौराहों पर नाबालिग युवाओं को नशे की हालत में देखा जा सकता है। सबसे बड़े सवाल खड़े कर देने वाली बात यह है कि लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। न तो छापा, न गश्त बढ़ी, न दुकानें सील और न ही कोई ठोस कदम उठाये जा रहे है।

### शराब और सिगरेट युवाओं की बर्बादी की वजह

शराब और सिगरेट युवाओं को नशे की लत की ओर धंकेल रही है। शाम होते ही पानठेलों, शराब की दुकानों पर युवाओं का जमघट नजर आने लगता है। स्थानीय नागरिक इसे प्रशासन की लापरवाही नहीं, बल्कि मौन सहमति बताते हैं। उनका आरोप है कि प्रशासन चाहे तो 24 घंटे में सफाई कर दे, पर ठोस कार्रवाहीं नहीं हो रही है। नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन कार्रवाई में और देरी करता है, तो गंज क्षेत्र पूरी तरह नशे के कब्ज़े में चला जाएगा और यह सीधे तौर पर आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को तबाह कर देगा। नागरिकों ने मांग की है कि नशे के कारोबार पर तत्काल सघन छापामार कार्रवाई की जानी चाहिए। नाबालिगों को नशा कराने वाले दुकानदारों पर एफआईआर और दुकान सील करने की कार्रवाही होना चाहिए।

### नशे की आग में झुलस रहे बैतूल के युवा: विजेंद्र गोले

जागरूक नागरिक विजेंद्र कुमार गोले ने बताया कि जिले के अंदर युवाओं को योजनाबद्ध तरीके से नशे का आदि बनाया जा रहा है। गंजा, शराब, जुआ और सट्टे का जाल लगातार फैलता जा रहा है, लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधि खामोश दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि शहर में कई जगहों पर अहाता बार संचालित हो रहे हैं, जबकि अहाता बार खुद गैरकानूनी हैं। उन्होंने कहा कि इन अवैध अहाता बारों में नाबालिग बच्चों तक को शराब परोसी जा रही है। इन जगहों पर बिना किसी रोक-टोक के नशे का व्यापार फल-फूल रहा है, और प्रशासन की चुप्पी इस पूरे खेल को और बढ़ावा दे रही है। विजेंद्र कुमार गोले ने स्पष्ट कहा कि युवाओं को गांजा, शराब, जुआ और सट्टे में फसाया जा रहा है और यह सब सामने दिख रहा है, परंतु शासन-प्रशासन की ओर से इसे रोकने के लिए कोई ठोस पहल या अभियान नहीं चलाया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नशे का जाल जितनी तेजी से फैल रहा है, उसी तेजी से युवाओं का भविष्य अंधकार में डूबता जा रहा है। विजेंद्र कुमार गोले ने मांग की कि बैतूल जिले में नशे के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाए, जुआ-सट्टे पर नकेल कसी जाए और युवाओं को इस दलदल से बाहर निकालने के लिए सामाजिक व प्रशासनिक दोनों स्तरों पर गंभीर पहल हो।

**कार्रवाई की जाएगी**

*पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया जाता है। पिछले दिनों में नशे से दूरी है, जरूरी अभियान चलाया गया था। इसके अलावा सुट्टा बार, अवैध आहातों पर चेकिंग अभियान तेज करने की कार्वाही की जायेगी।*

*- कमला जोशी, एएसपी बैतूल।*

### हादसे में दंपती भी घायल

## बैतूल-सारणी हाईवे पर दो बाइकों की भिड़ंत, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल-सारणी स्टेट हाईवे पर रानीपुर और डैम जोड़ के बीच गुरुवार देर रात एक सडक़ हादसा हो गया। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक दंपती गंभीर घायल हो गया। मृतकों में एक 16 वर्षीय किशोर और एक युवक शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, बांका शाहपुर से खोखरा जा रहे सुखलाल पांसे अपनी पत्नी संतो पांसे और जवाई राजेश काजले (32), निवासी कांटावाड़ी, के साथ एक बाइक पर सवार थे। आमढाना के पास पेट्रोल पंप के सामने उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। दूसरी बाइक पर कुही निवासी पीयूष उईके (16) सवार था, जो बैतूल से अपने घर लौट रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि पीयूष उईके की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, राजेश काजले ने घोड़ाडोंगरी ले जाते समय दम तोड़ दिया। हादसे में सुखलाल पांसे और उनकी पत्नी संतो पांसे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही रानीपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को घोड़ाडोंगरी सीएचसी भिजवाया, जहां सुबह उनका पोस्टमॉर्टम किया गया। हादसे के बाद बैतूल-सारणी मार्ग पर कुछ समय के लिए जाम लग गया था, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नियंत्रित किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## गौशाला बांका कुंडी में सुविधाओं का अभाव




**शाहपुर।** कुंडी पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बांका में गौशाला का हाल बेहद खराब है। ना तो गौ माता को खिलाने के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था है और ना ही उनके स्वास्थ्य की देखरेख के लिए कोई व्यवस्था है। गौशाला संचालक भी गौशालाओं पर ध्यान नहीं देते हैं। इस ओर शासन प्रशासन भी ध्यान दे रहा है। ना ही पंचायत के सरपंच, सचिव किसी का भी गौशाला प्रबंधन पर ध्यान है। ग्राम बांका के ग्रामीण जानवरों की मौत से परेशान हो रहे हैं। हिंदू राष्ट्र में गौ माता को पूजा जाता है, परंतु उनके जीवन का ध्यान नहीं रखा जा रहा है।

## मुलताई विधानसभा में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा



**बैतूल।** विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत जिले में चल रहा सर्वे कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। आमला विधानसभा के बाद अब मुलताई विधानसभा ने भी बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया है। मुलताई क्षेत्र के कुल 2,35,605 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है।

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की मॉनिटरिंग तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मुलताई राजीव कहार के नेतृत्व में सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने निरंतर का परिणाम रहा कि लक्ष्य को समय से पूर्व पूरा किया। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने राजीव कहार सहित सभी बीएलओ, सुपरवाइजर, जनपद एवं निकाय अमले को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि टीम के संयुक्त प्रयासों से ही यह कार्य इतनी शीघ्रता और सटीकता के साथ पूरा हो सका है। जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सर्वे का कार्य तेज गति से जारी है। अब तक जिले के कुल 12,58,295 मतदाताओं के विरुद्ध 12,41,257 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया गया है, जो 98.65 प्रतिशत उपलब्धि है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ बैतूल जिला प्रदेश में द्वितीय स्थान पर पहुंच गया है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा एसआईआर अभियान की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप जिले में कार्य काफी सुचारू रूप से आगे बढ़ा। विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत के साथ ही बीएलओ एप पर वर्ष 2003 की मतदाता सूची की मैपिंग का काम तेजी से किया गया। जिले में 78 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग सफलतापूर्वक पूरी हुई, जिससे डिजिटाइजेशन कार्य में बीएलओ को काफी मदद मिली ।

## केसला एकलव्य फाउंडेशन द्वारा बचपन मेला का आयोजन

### आंगनबाड़ियों के बच्चों ने लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा




**भौरा।** एकलव्य फाउंडेशन के सहयोग से क्षेत्र की 11 आंगनबाड़ियों में बचपन मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य समुदाय को आंगनबाड़ी से जोडना तथा बच्चों को रोचक गतिविधियों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया से जोड़े रखना रहा। मेले में लगभग 100 बच्चों ने विविध गतिविधियों में हिस्सा लिया। बच्चों के लिए थंब पेंटिंग, कुर्सी दौड़, गीत-कविता गायन, तथा स्थानीय भाषा के गीतों पर नृत्य जैसी मनोरंजक व सीखने से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। विशेष बात यह रही कि माता समिति की माताएँ भी सक्रिय रूप से बच्चों के साथ शामिल रहीं। उन्होंने न केवल बच्चों का उत्साहवर्धन किया, बल्कि अपनी इच्छा से थंब पेंटिंग जैसी गतिविधियों में भी भाग लेकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। आयोजन को सफल बनाने में संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दीदी, सहायिका तथा स्थानीय समुदाय का विशेष सहयोग मिला। सभी के संयुक्त प्रयासों से बचपन मेला बच्चों के लिए एक यादगार और सीख से भरपूर अनुभव बन पाया। इस पूरे आयोजन एकलव्य केसला टीम का सराहनीय प्रयास रहा।


## गीता जयंती के अवसर पर जिले में आयोजित होंगे गीता महोत्सव कार्यक्रम

**बैतूल।** अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर 01 दिसम्बर को प्रातः 10 से 12 बजे तक प्रदेश के साथ ही जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी जनपदों, स्कूल-कॉलेजों में सामूहिक समवेत गीता स्वाध्याय का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों द्वारा सहभागिता की जाएगी। कार्यक्रम के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्रीअनिल सिंह कुशवाह को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही सभी एसडीएम को अपने-अपने विकासखंडों का नोडल अधिकारी बनाया गया है। 1 दिसंबर को जिला स्तरीय कार्यक्रम जे एच कॉलेज ऑडीटोरियम में आयोजित किया जाएगा।

### भेल को 684 करोड़ रुपये की प्रथम अग्रिम राशि जारी

## अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल ताप इकाईयों के क्रियान्वयन में दर्ज की महत्वपूर्ण प्रगति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की 660-660 मेगावाट की भावी दो नई ताप विद्युत इकाईयों के निर्माण की दिशा में उस समय एक नया मील का पत्थर जुड़ा जब दोनों इकाईयों के निर्माण के लिए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल-भेल) को 684 करोड़ रूपए का अग्रिम भुगतान किया गया। यह इकाईयां सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी व अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में बनेंगी। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा दोनों इकाईयों के निर्माण के लिए 29 सितंबर 2025 को भेल को नोटिफिकेशन ऑफ अवॉर्ड जारी किया गया। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा भेल को किए गए इस अग्रिम भुगतान के परिणामस्वरूप दोनों परियोजनाओं की प्रभावी तिथि 29 सितंबर 2025 निर्धारित हो गई है। संविदात्मक प्रावधानों के अनुसार, भेल को दोनों इकाईयों के निर्माण, परीक्षण एवं सफल परिचालन सहित संपूर्ण कार्य 57 माह में (जून 2030 तक) मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी को हस्तांतरित करने होंगे। सितंबर 2025 में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा जारी किए गए नोटिफिकेशन ऑफ अवॉर्ड के अंतर्गत सप्लाई, इरेक्शन एवं सिविल कार्यों से संबंधित सभी तकनीकी एवं संविदात्मक बिंदुओं पर दोनों कंपनियों के मध्य विस्तृत सहमति स्थापित की गई थी।

### दोनों परियोजना को मिली आवश्यक स्वीकृति

दोनों परियोजनाओं के लिए भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आवश्यक स्वीकृतियाँ प्रदान की जा चुकी हैं, जिससे परियोजना क्रियान्वयन को सुगमता एवं गति प्राप्त होगी। यह कदम न केवल राज्य की भविष्य की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में सहायक होगा, बल्कि उत्पादन क्षमता के आधुनिकीकरण की दिशा में भी एक प्रभावी पहल है। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी व अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में 660-660 मेगवाट की दोनों इकाइयों में विद्युत उत्पादन जून 2030 से प्रारंभ किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ये दोनों ताप विद्युत इकाईयां अत्याधुनिक, उच्च दक्षता वाली अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित रहेंगी। बीएचईएल (भेल) इन इकाइयों हेतु बॉयलर, टरबाइन, जनरेटर एवं अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी संरचनाओं की आपूर्ति और निर्माण का कार्य करेगा।

### कलेक्टर ने औद्योगिक गतिविधियों को लेकर उद्यमियों से की चर्चा

## मोही में 10 आवेदकों को मिला भूमि आवंटन का आशय प्रमाण पत्र



**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार जिले में औद्योगिक गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी अनुक्रम में बैतूल जिले के मोही क्षेत्र में भूमि आवंटन के लिए चयनित 10 आवेदकों को आशय प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने औद्योगिक गतिविधियों को लेकर उद्यमियों और अधिकारियों के साथ चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की औद्योगिक नीतियों और निवेश बढ़ाने की मंशा के अनुरूप जिले में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि नए प्रस्तावित उद्योगों से स्थानीय युवाओं को अधिकतम रोजगार मिल सके, इसके लिए समन्वित प्रयास किए जाएं। इस अवसर महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कैलाश मानेकर, प्रबंधक धीरज मंडलेकर, ब्रजअशीष पांडे, अंबेश बलवापूरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष मनाने का निर्णय लिया गया था। इसी परिदृश्य में बैतूल में भी उद्योगों के विकास एवं स्थानीय लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से मुलताई तहसील के मोही में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया है। यह औद्योगिक क्षेत्र 15 एकड़ में विकसित किया जा रहा है, जिसमें प्रथम चरण में विकासित 27 प्लाटों के लिये 01 से 15 नवंबर 2025 के बीच एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें कुल 91आवेदन आए थे। राज्य स्तरीय समिति के द्वारा दस्तावेजों का निरीक्षण करने के पश्चात ऐसे 10 औद्योगिक भूखंड, जिसमें पात्र लाभार्थी सुखदेव उइके, कीरणबाला देशमुख, धनराज मनोटे, रिषभ पाटनकर देवेन्द्र राजपुत हीमांशू कटारे, जुझार हुसैन सिंगल पाए गए उन सभी को आशय पत्र जारी किए गए है।

पात्र पाए गए 10 आवेदकों द्वारा मिल्क प्रोडक्ट, पीवीसी पाईप्स, आयरण प्रोडक्ट, बेसिक मटेरियल, हर्बल कॉस्मेटिक प्रोडक्ट, मसाले पाउडर, डिस्पोसेबल पेपर प्लेट, पोल्टरी फिड प्रोडक्ट, फुड प्रोडक्ट, रॉड बोल्ड आदि विनिर्माण इकाईयों के माध्यम से कुल 150 लोगों को रोजगार एवं 7.5 करोड़ का निवेश किया जाना प्रस्तावित है।

## राज्यपाल ने दीपेश मेहता को राज्य रेडक्रास सोसायटी के कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने आज कहा कि रेडक्रास सोसायटी मानव सेवा के अपने कार्य को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने का पुरजोर प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जरूरतमंदों को सस्ते में दवाएं उपलब्ध कराने के लिए देश भर में जन औषधी केंद्र प्रारंभ कराए हैं। रेडक्रास सोसायटी इस अभियान को ओर गति देते हुए प्रदेश के हर जिला अस्पताल में जन औषधी केंद्र शुरू कराने का प्रयास करे। राज्यपाल मंगू भाई पटेल राजभवन भोपाल के सांदीपनी सभाहाल में राज्य रेडक्रास सोसायटी। नव रेडक्रास सोसायटी के राज्य चेयरमैन पद पर डॉ. श्याम सिंह कुमरे (सेवानिवृत आई.ए.एस.) सिवनी एवं मनीष रावल रतलाम को वाईस चेयरमैन एवं समाजसेवी दीपेश मेहता बैतूल को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाने के उपरांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। मंच पर राज्यपाल मंगू भाई पटेल का नव पदस्थ कोषाध्यक्ष दीपेश मेहता के अलावा चेयरमैन एवं वाईस चेयरमैन ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया।



करीब पौन घंटा चले समारोह के अंत में जनरल सेकेट्री राज्य रेडक्रास सोसायटी रामेंद्र सिंह ने गरिमामय समारोह में राज्यपाल मंगू भाई पटेल के अलावा राज्य रेडक्रास सोसायटी के पूर्व पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं उपस्थित सभी जनमानस के प्रति आभार माना। उन्होंने इस मौके पर दीपेश मेहता के बैतूल जिले में किए जा रहे सेवा कार्यों के जमकर प्रशंसा करते हुए कहा उनके जारी सेवा कार्य का लाभ राज्य रेडक्रास सोसायटी को मिलेगा। निर्वाचन अधिकारी राज्य रेडक्रास सोसायटी एवं भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने दीपेश मेहता को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने पर निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। दीपेश मेहता ने शपथ समारोह के बाद राज्य रेडक्रास सोसायटी के कार्यालय पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया।

### महत्वपूर्ण पद है कोषाध्यक्ष

राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने अपने संबोधन के दौरान राज्य रेडक्रास सोसायटी में कोषाध्यक्ष पद को महत्वपूर्ण पद बताते हुए कहा कि कोषाध्यक्ष दीपेश मेहता अपने कोष का बड़ी सावधानी बरतकर इसका सदुपयोग करेंगे। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बैतूल से दीपेश मेहता के पिता प्रसिद्ध दवा व्यवसायी दीपक मेहता, माताजी हर्षा मेहता, दीपेश मेहता की पत्नी मोनाली मेहता, पत्रकार बलवंत धोटे एवं अनिल सिंह ठाकुर, अजय भार्गव, गजेन्द्र पंवार, मोनू भलावी, सीए सचिन आर्य, प्रतीक शाह, अनिल राठौर, अभिनय तातेड़, श्रेयांस गोठी, पीयूष गोठी, वर्धन चिटनीस, चैतन्य सिंह राजपूत, वैभव आदि रहे मौजूद।

**संक्षेप खबर**

## इटारसी में अब भी ठंड बरकरार, 24 घंटे मौसम रहेगा सुहावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

इटारसी और नर्मदापुरम संभाग के लोगों के लिए आगामी 24 घंटे का मौसम आरामदायक और सुहावना रहने वाला है। हालांकि दिन के मुकाबले रात को ठंड थोड़ी बढ़ सकती है। क्या कहता है मौसम का मिजाजबादल और तापमान : दिन के समय आकाश में बादल छाए रहेंगे, जिससे तेज धूप से राहत मिलेगी। इटारसी में अधिकतम तापमान लगभग 24 डिग्री सेल्यिस और नर्मदापुरम संभाग में 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

राहत भरी ठंड : रात में तापमान 11 डिग्री सेल्सियस से 12 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। रात के समय आंशिक रूप से बादल छाए रहने के कारण ठंड का असर बना रहेगा।बारिश की संभावना : राहत की बात यह है कि अगले 24 घंटों में भारी बारिश की कोई संभावना नहीं है, हालांकि नमी बनी रहेगी। सुबह और देर रात बाहर निकलने वाले लोगों को हल्के गर्म कपड़े साथ रखने की सलाह दी जाती है, क्योंकि न्यूनतम तापमान ठंडक का एहसास कराएगा। मौसम विभाग ने संभाग के सभी लोगों से आग्रह किया है कि वे स्वस्थ और सुरक्षित रहें।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

# विस्थापित ग्रामों में योजना के विस्तार के लिए अधिकारी भ्रमण करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में विस्थापित ग्रामों के सर्वांगीण विकास, योजनाओं के शत-प्रतिशत सैचुरेशन, भूमि हस्तांतरण, विद्युत व्यवस्था, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, आवास व्यवस्था एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विस्थापित ग्रामों में योजनाओं का सैचुरेशन तथा पट्टों का सैचुरेशन सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने यह निर्देश भी दिया कि आंगनबाड़ियों के लिए शासन स्तर पर भेजे गए प्रस्तावों का नियमित रूप से फॉलोअप लिया जाए।

कलेक्टर सोनिया मीना ने निर्देश दिए की विस्थापित किए गए ऐसे ग्राम जो विकल्प एक के तहत आते हों उनमें पीएम आवास के तहत ग्राम वासियों को लाभान्वित किए जाने हेतु प्रदेश स्तरीय समिति के समक्ष भेजे जाने के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाएं। साथ ही खाद्यान्न वितरण हेतु भी व्यापक कार्य योजना तैयार की जाए एवं शासन स्तर से स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजे जाएं। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था हेतु भी जेई एमपीईबी एसटीआर से विस्थापित ग्रामों की सूची प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने निर्देश दिए की सर्व संबंधित विभागीय अधिकारी विस्थापित ग्रामों का भ्रमण करें तथा शासन की योजना के तहत ग्राम वासियों को लाभान्वित किए जाने हेतु उन्हें सूचीबद्ध करें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अक्षय ऊर्जा विभाग के साथ समन्वय कर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के ग्रामवासियों को लाभान्वित करने के लिए अवसरों की तलाश करें। उन्होंने ग्राम धार्यी में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जनजाति कार्य विभाग, एसटीआर को आपसी समन्वय के साथ विभागीय निधियां के उपयोग से कार्य किए जाने के भी निर्देश दिए।

टास्क फोर्स की बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए की वन विभाग के पक्ष में हस्तांतरित भूमि पर जो अतिक्रमण व्याप्त है उसे राजस्व विभाग की सहायता से हटाया जाए एवं भूमि हस्तांतरण पूर्ण किया जाए। तथा जिन मामलों में हस्तांतरण शेष से उनमें भी राजस्व विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने ईई पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि विभागीय आधिपत्य भवन से अतिक्रमण हटाते हुए भवन को वन विभाग को स्थानांतरित किए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही पूर्व में वन विभाग से प्राप्त बांस एवं बल्ली के परिवहन तथा अन्य मामलों में उनका भुगतान भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देशित किया कि एसटीआर के समीप सीमावर्ती क्षेत्रों में लाइट तथा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित किए जाने के संबंध में उपसंचालक एसटीआर प्रस्ताव तैयार करें तथा उक्त संबंध में एसडीएम एवं एसडीओपी के साथ समन्वय कर कार्यवाही का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

## गुर्रा पुलिस ने 12 घंटे में अपहृत दो नाबालिग बहनों को खोज निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

अनुभाग की रामपुर गुर्रा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अपहरण की शिकार हुई दो नाबालिग बहनों को घटना की सूचना मिलने के मात्र 12 घंटे के अंदर सुरक्षित दस्तयाब कर लिया है। बालिकाओं को सतवास, जिला देवास के थाना क्षेत्र से खोजा गया। फरियादी पवन ठाकुर 35 वर्ष, निवासी गुर्रा ने 27 नवंबर 2025 को थाना रामपुर गुर्रा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

फरियादी ने बताया कि 22 नवंबर 2025 को जब वह काम पर गए थे, तब उनकी दो नाबालिग बेटियां जिनकी उम्र 13 साल और 10 साल है, घर पर थीं। शाम को घर लौटने पर बेटियां गायब मिलीं। रिश्तेदारी और आसपास तलाश करने के बाद भी जब वे नहीं मिलीं, तो फरियादी ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बच्चियों को बहला-फुसलाकर ले जाने की शंका जाहिर की। इस शिकायत पर थाना रामपुर गुर्रा में अपराध भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपहरण का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा थोटा के आदेश, अति पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देश, और एसडीओपी इटारसी के मार्गदर्शन में तत्काल एक टीम गठित की गई।

थाना प्रभारी उप निरीक्षक विपिन पाल के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे के अंदर दोनों अपहृत नाबालिग बहनों को थाना सतवास, जिला देवास के क्षेत्रांतर्गत से सकुशल दस्तयाब कर लिया। दस्तयाब बालिकाओं ने परिजनों के साथ जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद, बाल कल्याण की प्रक्रिया के तहत दोनों बहनों को मुस्कान संस्थान, इटारसी में दाखिल कराया गया है। कार्रवाई में उप निरीक्षक विपिन पाल, सहायक उपनिरीक्षक अनिल शर्मा, प्रआर शोभा धुर्वे, आर महेश साहू, और प्रआर चालक कन्हैयालाल गौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने किया चार वार्डों का सघन निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

नगर विकास कार्यों की गुणवत्ता और गति को जांचने के लिए नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने शहर के चार वार्डों का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों में जारी पार्क, नाली और पेवर ब्लॉक निर्माण कार्यों का जायजा लिया और संबंधित ठेकेदारों को गुणवत्ता से समझौता न करने और समय पर कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरुआत वार्ड 13 न्यास कॉलोनी से हुई, जहां उन्होंने पार्षद अमृता मनीष ठाकुर के साथ विधायक निधि से बन रहे दो पार्कों के निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। उन्होंने वार्ड 06 के दक्षिण बंगिलया में पार्षद जिमी कैथवास के साथ नाली निर्माण कार्य देखा।

वार्ड 04 में पार्षद शिवकिशोर रावत के साथ नई नाली निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए उन्होंने कार्य में तुरंत गति लाने के निर्देश दिए।

वार्ड 19 में पार्षद राहुल प्रधान के साथ विधायक निधि से सड़क किनारे लगाए जा रहे पेवर ब्लॉक कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

## 577वीं तारण जयंती पर इटारसी में तीन दिवसीय कार्यक्रम हुए, अनुयायियों ने नगर भ्रमण पर पालकी यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



संपूर्ण भारतवर्ष के साथ-साथ इटारसी में भी जैन समाज के अनुयायियों ने भगवान तारण स्वामी की 577 वीं जयंती को श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया। तारण तरण जैन समाज, इटारसी द्वारा ब्रह्मचारी उषा बहन के पावन सानिध्य में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में, अंतिम दिन पालकी की भव्य शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। इस शोभायात्रा में समाज के सभी आयु वर्ग के सदस्यों ने पूर्ण भक्तिभाव के साथ उत्साह से भाग लिया। बैंड-बाजों की धुन पर भगवान के भजन गाते और भावपूर्ण नृत्य करते हुए श्रद्धालुओं ने धर्म की प्रभावना की।इस पावन अवसर पर गणमान्य नागरिकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा तथा नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने विशेष रूप से शिरकत की। दोनों अत7थियों ने जैन समाज को तारण जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। तीन दिवसीय धर्ममय कार्यक्रम का समापन अंत में पात्र भावना (साधर्मी भोजन) के साथ हुआ, जिसने समाज में एकता और सद्भाव का संदेश दिया।

## रेलवे सब-स्टेशन से ट्रांसफार्मर का तेल चोरी, आरपीएफ जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



न्यू यार्ड वंदना हॉल क्षेत्र में स्थित रेलवे के विद्युत सब-स्टेशन में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने सब-स्टेशन में लगे एक अतिरिक्त (एक्स्ट्रा) ट्रांसफार्मर से लाखों रुपये मूल्य का तेल (ऑइल) चोरी कर लिया।रेलवे आरपीएफ थाने से मिली जानकारी के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। हालांकि, आरपीएफ ने यह स्पष्ट किया है कि तेल चोरी होने के बावजूद रेलवे के परिचालन या किसी भी विद्युत कार्य पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ा है।सुरक्षा पर सवालस्थानीय निवासियों ने इस घटना के बाद क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि सब-स्टेशन के आसपास ऊंची झाड़ियां होने और कम रोशनी की वजह से चोरों को चोरी करने में आसानी हुई। यह स्थान सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील है, और ऐसी घटना भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकती है।स्थानीय लोगों ने रेलवे पुलिस बल से इस क्षेत्र की सुरक्षा कड़ी करने, झाड़ियों की कटाई करने और रोशनी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है ताकि इस प्रकार की आपराधिक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। आरपीएफ का कहना है कि वे जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें पकडऩे का प्रयास कर रहे हैं।

## श्री आदिनाथ भगवान स्थापना की तीसरी वर्षगांठ भक्तिमय वातावरण में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, कावेरी स्टेट, इटारसी में शुक्रवार को विधि नायक श्री आदिनाथ भगवान की स्थापना की तीसरी वर्षगांठ बड़े ही भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुई। यह दिन इसलिए भी विशेष था क्योंकि आज ही संपूर्ण भारतवर्ष में तारण जयंती मनाई जा रही है।

मंदिर समिति के अध्यक्ष, दीपक जैन एडवोकेट ने बताया कि वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्रातःकाल भगवान श्री आदिनाथ का भव्य अभिषेक एवं शांतिधारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पावन अवसर पर, भगवान के प्रथम अभिषेक और शांतिधारा करने का सौभाग्य एडवोकेट सम्यंत जैन, अरविंद कुमार जैन, जैनम परिवार, इटारसी को प्राप्त हुआ।

वहीं, द्वितीय शांतिधारा करने का सौभाग्य श्रीमती गुंजन-निलेश जैन एवं किशोर कुमार-सचिन जैन को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में समाज के अनुयायियों ने उत्साह से भाग लिया और विधि नायक भगवान के चरणों में अपनी श्रद्धा निवेदित की।

## पार्क बनने के बाद नागरिकों को मनोरंजन व स्वास्थ्य का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बुधवार को वार्ड क्रमांक 05 और वार्ड क्रमांक 17 में मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पार्कों का निरीक्षण किया। वार्ड क्रमांक 05 में निरीक्षण के समय पार्षद प्रतिनिधि अरविंद चंद्रवंशी उपस्थित रहे। यहां चौरे ने पार्क में किए जा रहे लेवलिंग, पाथवे, बैठने की व्यवस्था और लाइटिंग जैसे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पार्क बनकर तैयार होने के बाद स्थानीय नागरिकों को बेहतर मनोरंजन व स्वास्थ्य वर्धक वातावरण उपलब्ध होगा। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 17 में भी अध्यक्ष पंकज चौरे ने निर्माणाधीन पार्क का जायजा लिया। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि अभिषेक साहू मौजूद रहे। चौरे ने यहां पौधारोपण क्षेत्र, बच्चों के खेल उपकरण और सुरक्षा दीवार निर्माण की दिशा में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने दोनों वार्डों के अधिकारियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने पर जोर दिया, नागरिकों को सुविधाएं प्राप्त हो सकें।

## सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल, में वात्सल्य उत्सव की धूम, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में शुक्रवार को वात्सल्य उत्सव का आयोजन किया गया। यह विशेष कार्यक्रम बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच समन्वय तथा बच्चों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से समर्पित था। वात्सल्य उत्सव की शुरुआत प्रार्थना और स्वागत गीत से हुई। विद्यालय की प्राचार्य ने अपने संबोधन में अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और अभिभावक-शिक्षक संबंधों को और मजबूत करते हैं। इस उत्सव में बच्चों के लिए नृत्य प्रतियोगिता, कविता पाठ, समूह गीत, चित्रकला और हस्तशिल्प प्रदर्शन जैसी कई रोचक गतिविधियां आयोजित की गईं। अभिभावकों ने भी इसमें सक्रिय भागीदारी निभाई। उनके लिए पैरेंट-चाइल्ड गेम्स और मोटिवेशनल सत्र आयोजित किए।

### साझा प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण साझा गतिविधियां रहीं, जैसे मां-बेटी नृत्य, पिता-पुत्र खेल प्रतियोगिता, और एक रंगारंग फैमिली टैलेंट शो, जिन्होंने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। छात्रों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीता, वहीं अभिभावकों ने बच्चों के साथ सक्रिय रूप से भाग लेकर पूरे आयोजन को आनंदमय बना दिया। विद्यालय के शिक्षकों और सहयोगी स्टाफ का योगदान रहा।

## पुनरीक्षण कार्य के लिए कांग्रेस लगाएगी 4 वार्डों में 'मेगा कैंप'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के मार्गदर्शन में आज शनिवार को मतदाता पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत एक बड़ा शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक सूरज गंज चौराहा स्थित दुर्गा माता मंदिर के सामने लगाया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से वार्ड 15, 16, 17 और 29 के मतदाताओं को सहयोग प्रदान किया जाएगा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने इस संबंध में जिले के सभी कांग्रेसजनों से निवेदन किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सम्मानित मतदाताओं के सहयोग हेतु बीएलओ का सहयोग करें और मतदाता पुनरीक्षण कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने वार्ड 15, 16, 17 और 29 के कांग्रेसजनों से दोपहर 12 बजे शिविर में उपस्थित होने का आग्रह भी किया है। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

### 18वें जन्मदिन पर मतदान करने का सबसे बड़ा तोहफा

## नव वर्ष 2026 की पहली किरण के साथ लोकतंत्र में कदम रखें युवा, मतदाता बनकर मनाएं खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

नया साल 2026 कई युवाओं के लिए एक विशेष अवसर लेकर आ रहा है। भारत निर्वाचन आयोग की स्वीप आइकॉन सारिका घारू ने युवाओं से अपील की है कि वे अपने 18 वे जन्मदिन की पार्टी की योजना बनाने के साथ ही, देश के लोकतंत्र में सक्रिय योगदान देने की जिम्मेदारी भी लें, यानी मतदाता बनें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा और कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस विशेष जागरूकता कार्यक्रम के तहत, सारिका घारू ने युवाओं को उनके मताधिकार के महत्व से अवगत कराया।



सारिका घारू ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार, वह हर युवा जो 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के अनुसार 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकता है।

यह अभियान लोकतंत्र की मजबूती के लिए बेहद अहम है, क्योंकि यह युवाओं की राजनीतिक भागीदारी और चुनावी प्रक्रिया तक उनकी पहुंच को बढ़ाता है।

**क्या करना है**

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए युवाओं को फॉर्म 6 भरना होगा।

**क्या मिलेगा**

वोटर आईडी कार्ड, जो नागरिक होने की आपकी सबसे बड़ी पहचान है।सारिका घारू ने युवाओं से भावुक अपील की है कि वे मतदाता सूचियों की शुद्धता सुनिश्चित करने के इस महत्वपूर्ण अभियान में आगे आएं और लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाएं। उम्र हो रही है 18 की पूरी, तो मतदाता सूची में नाम जुड़वाये जरूरी। यह एक ऐसा तोहफा है जो न केवल आपका भविष्य तय करेगा, बल्कि देश के भविष्य को भी दिशा देगा।

## विश्व हिंदू परिषद की विभाग बैठक आज पुरानी इटारसी में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल नर्मदापुरम संभाग की विभाग बैठक का आयोजन 29 नवंबर दिन शनिवार को पुरानी इटारसी स्थित अभिनंदन मैरिज हॉल के सभागार में किया जा रहा है। बैठक में केंद्रीय मंत्री अम्बरीष सिंह, प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह का मार्गदर्शन एवं प्रांत सह मंत्री जितेंद्र चौहान व विभाग संगठन मंत्री अवधेश पाराशर का सानिध्य कार्यकर्ताओं को प्राप्त होगा। एक दिवसीय बैठक तीन सत्रों में आयोजित होगी। जो सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर सायं 4 बजे तक चलेगी। जिसमें पांच जिलों बैतूल, हरदा, मुल्ताई, नर्मदापुरम, पिपरिया के जिला पदाधिकारी एवं इटारसी नगर के सभी पदाधिकारी की उपस्थिति रहेगी। संगठनात्मक विस्तार दृष्टि से कार्यकर्ताओं की नवीन घोषणाएं भी की जाएंगी। इस अवसर पर प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर, जिलाध्यक्ष डॉ सुभाष दुबे, जिला मंत्री चेतन सिंह राजपूत,जिला प्रचार प्रसार प्रमुख अनुरुद्ध चंसौरिया आदि ने बैठक की अंतिम रूपरेखा बनाकर कार्य विभाजन किया।

## खबर संक्षेप



### 22 साल से फरार स्थाई वांरटी की गिरफ्तारी

**रहटगाँव।** थाना प्रभारी मनोज दुबे के नेतृत्व में टीम गठित कर न्यायालय हरदा से जारी 22 साल से पुराने धारा 25 आर्म्स एक्ट में फरार एक स्थायी वांरटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार फरमालाल उर्फ संजू पिता महादेव पारधी उम्र 45 साल निवासी बडवाह स्टेशन के पास जिला खरगौन हाल धावडा घाट थाना शिवपुर जिला होशगाबाद फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। कार्रवाई में उनि मनोज दुबे, प्रआर अजय तिवारी, आरक्षक महेन्द्र रघुवंशी, चालक आरक्षक, सोनू चौरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत

**हरदा।** खंडवा-नर्मदापुरम स्टेट हाईवे पर शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे हुए एक सड़क हादसे में एक बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। मृतक की पहचान खंडवा जिले के किल्लोद थाना क्षेत्र के ग्राम हरिपुरा सेमरूढ़ निवासी राजकुमार पिता हृदय सिंह देवड़ा (28 वर्ष) के रूप में हुई है। राहगीरों की मदद से उन्हें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि राजकुमार अपनी सास के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए नेमावर जा रहे थे। उनकी सास का गुरुवार को ग्राम कोलवा में निधन हो गया था, और उनके शव को अंतिम संस्कार के लिए नेमावर के नर्मदा घाट ले जाया गया था। मृतक के दो छोटे बेटे हैं, जिनकी उम्र ढाई साल और पांच साल है। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन अंतिम संस्कार के बाद जिला अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को फिलहाल मर्चुरी में रखा गया है।

### गीता महोत्सव जिला स्तरीय कार्यक्रम 1 को

**हरदा।** गीता जयंती महोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम 1 दिसम्बर को डॉ. बी.आर. अम्बेडकर उत्कृष्ट विद्यालय हरदा बालक छात्रावास प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरदा को नोडल तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जारी आदेश अनुसार शासन के निर्देशानुसार विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्था का दायित्व सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी टिमरनी व खिरकिया को सौंपा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी को सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीताप्रतिष्ठानम, गीता श्लोक व्याख्यान एवं मंच संचालन की सम्पूर्ण व्यवस्था सौंपी गई है। सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों व जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सभी शासकीय अशासकीय कृष्ण मंदिरों, न्यास एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से विशेष कार्यक्रम एवं श्रीकृष्ण मंदिरों की साफ-सफाई, श्रृंगार व रोशनी की व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार जेल अधीक्षक जिला जेल हरदा को गीता जयंती के अवसर पर कारागारों में गीता पाठ का आयोजन तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को चित्र प्रदर्शनी के आयोजन का दायित्व सौंपा गया है।

### 3 के लाइसेंस निरस्त और 2 के निलंबित

**सीहोर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सीहोर जिले की 05 मेडिकल दुकानों पर अनियमितताएं पाए जाने पर कार्रवाई की गई है। अनियमितताएं जाए जाने पर 03 मेडिकल दुकानों मेसर्स राजा मेडिकल भैरूंदा, मेसर्स विजासन मेडिकल रेहटी, सोनम मेडिकल मालीबाया के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं तथा दुआ मेडिकल श्यामपुर एवं माहेश्वरी मेडिकल सीहोर के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।

---

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित

# कलेक्टर ने अवैध शराब की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उच्च शिक्षा संस्थानों एवं कोचिंग संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के मानसिक समस्या ग्रस्त होने की स्थिति में उनको मानसिक तनाव से उबरने के लिये उचित वातावरण प्रदान करने पर चर्चा की गई। सभी शिक्षण संस्थानों एवं कोचिंग संस्थानों में शिकायत पेटी लगाने एवं शिकायत निवारण समिति का गठन करने के भी निर्देश दिये गये। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक, वनमण्डलाधिकारी अनिल चौपड़ा, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

#### लंबित अपराधों पर कार्रवाई की स्थिति की समीक्षा की

बैठक में पुलिस विभाग की समीक्षा के दौरान जघन्य एवं सनसनीखेज अपराधों पर कार्रवाई की स्थिति, गैर बैंकिंग चिटफण्ड एवं माइक्रोफाइनेंसिंग कम्पनियों के विरूद्ध लंबित अपराधों पर कार्रवाई की स्थिति की समीक्षा की गई। वन भूमियों से अतिक्रमण हटाने एवं वन अपराधों के मामलों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। साथ ही सामूदायिक वनाधिकार के लंबित दावों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। खनिज विभाग की समीक्षा के दौरान अवैध उत्खनन के प्रकरणों में कार्यवाही की स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने नियम विरूद्ध फुटकर खनिज सामग्री बेचने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

#### विभागीय अधिकारी को पाबंद किया गया

आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान अवैध शराब के विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिये गये। अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पंजीबद्ध प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा के दौरान सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठकों के नियमित आयोजन के लिये भी विभागीय अधिकारी को पाबंद किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही की भी बैठक में जानकारी दी गई। नशा मुक्ति अभियान की समीक्षा करते हुए स्कूलों एवं महाविद्यालयों के आसपास तम्बाकू अथवा गुटखा विक्रय की दुकानें संचालित नहीं होने देने के निर्देश दिये गये। बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान समिति की सचिव एवं स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीत बिले ने समिति से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## सांसद खेल महोत्सव के तहत 2 दिसंबर से प्रारंभ होंगी गतिविधियां

*कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर सभागार में सांसद खेल महोत्सव के आयोजन के लिये बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि संसदीय क्षेत्र में आने वाली हरदा-खिरकिया, एवं टिमरनी विधानसभा अंतर्गत 5 प्रचलित खेल एवं 7 ओलम्पिक खेल खो-खो, कबड्डी रस्साकसी, एथेलेटिक्स, वॉलीबॉल, तैराकी, पिट्टू, योग, बैडमिंटन, कुश्ती, फुटबॉल, हॉकी, क्रिकेट (लेदर बॉल, पुरुष वर्ग) खेलो का आयोजन 2 दिसंबर से प्रारंभ होकर 14 दिसम्बर तक आयोजित होंगे। प्रतियोगिता में बालक बालिका, महिला पुरुष वर्ग 15 से अधिक आयु वर्ग में कोई भी खिलाड़ी भाग ले सकता है। प्रतियोगिता में शामिल होने हेतु खिलाड़ी का पंजीयन होना आवश्यक है। बैठक में अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, सभी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष संदीप पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।*



---

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने प्रभावी प्रयास किए जाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये प्रभावी प्रयास करने के यातायात व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिये गये। बैठक में कहा गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ने वाली सड़कों पर गति अवरोधक बनाए जाएं ताकि इन सड़कों से राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रवेश करते समय वाहनों की गति नियंत्रित हो सके। बैठक में जिले में अवयस्क विद्यार्थियों द्वारा उपयोग किए जा रहे दुपहिया वाहनों से दुर्घटनाओं की संभावना की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई। साथ ही कहा गया कि स्कूल प्रबन्धन के माध्यम से ऐसे विद्यार्थियों द्वारा वाहनों का उपयोग नहीं करने की विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को समझाईश दी जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक, वनमण्डलाधिकारी अनिल चौपड़ा, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय सहित समिति सदस्य मौजूद थे।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग पर टेमागांव के समीप शर्मा वेयरहाउस के पास ब्लेक स्पॉट घोषित करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन किया गया। ट्रेक्टर ट्रालियों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिये कृषि उपज मण्डी में आने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिये गये। नगर में यातायात के बढ़ते दबाव के दृष्टिगत गुर्जर बोर्डिंग के पास सड़क से अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिये गये। इसी तरह राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढाबों, दुकानों, गैराज इत्यादि के पास हो रहे अतिक्रमण हटाने का भी निर्णय लिया गया। राहवीर योजनान्तर्गत गोल्डन अवर में दुर्घटना ग्रस्त मरीजों को अस्पताल पहुँचाने वालों को प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान करने की व्यवस्था कर ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने के आरटीओ को निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने कहा कि वाहनों से अभियान चलाकर प्रेशर हार्न हटाए जाएं। स्कूल बसों की फिटनेस के कागजात पूर्ण रहे। सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित व्यक्तियों को तत्परता से उचित राहत प्रदान की जाए।

---

## घर जाकर पशुपालन को लाभ का व्यवसाय बनाए जाने के प्रभावी तरीके समझाए जाएंगे

### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण हेतु प्रशिक्षण दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण जिले में दिसम्बर माह में चलाया जाना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुपालक के घर जाकर उन्हें पशुपालन को लाभ का व्यवसाय कैसे बनाया जाए, यह प्रभावी तरीके से समझाया जाना है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि अभियान के द्वितीय चरण के संचालन के लिये जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया है। यह प्रशिक्षण 2 दिसम्बर तक जारी रहेगा। इन्हीं कार्यकर्ताओं का द्वितीय प्रशिक्षण विकासखण्ड स्तर पर 3 से 5 दिसम्बर तक चलाया जाएगा। प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को समझाया जाएगा कि उन्हें पशुपालकों से किस प्रकार चर्चा करनी है। पशुपालक यदि मोबाइल चलाता है तो उसके मोबाइल में विभाग द्वारा बनाई गई वीडियो हस्तांतरित करना है इस वीडियो को देखकर भी वह पशुपालन के बारे में बहुत कुछ सीख सकता है।

#### पशु पोषण एवं नस्ल सुधार की जानकारी दी थी

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. रामटेके ने बताया कि दूग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के तहत जिले में प्रथम चरण 2 से 9 अक्टूबर 2025 तक संचालित किया गया था, जिसमें 10 पशुओं से अधिक रखने वाले पशुपालकों से घर जाकर संपर्क कर उन्हें पशु स्वास्थ्य, पशु पोषण एवं नस्ल सुधार की विस्तृत जानकारी दी गई थी। उप संचालक डॉ रामटेके ने बताया कि अभियान के द्वितीय चरण में उन पशुपालकों के घर पर संपर्क किया जाएगा जिनके घर पर 5 से लेकर 9 पशु हैं। अभियान में जिले के 512 ग्रामों के 8696 पशुपालकों से संपर्क किया जाएगा, जिनके पास कुल 56378 पशु है। डॉ. रामटेके ने बताया कि एक कार्यकर्ता एक दिन में मात्र चार से पांच पशुपालकों से संपर्क करेगा और प्रभावी तरीके से उन्हें उदाहरण के साथ यह समझाएगा की पशुपालन को लाभ का व्यवसाय कैसे बनाया जाए। इस दौरान पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य, पशु पोषण और नस्ल सुधार की जानकारी घर पर पहुंचकर ही दी जाएगी। अभियान में 150 कार्यकर्ता पशुपालकों के घर-घर जाकर संपर्क करेंगे।

---

## बाल विवाह मुक्त भारत की दिशा में तेजी लाने के लिए 100 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा

### बाल विवाह रोकथाम अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

बाल विवाह रोकथाम अभियान के 1 वर्ष होने के अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत की दिशा में तेजी लाने के लिए पूरे भारत देश में 100 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी राजा रंगारे के मार्गदर्शन में शुक्रवार को बाल विवाह मुक्त जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन बाल गृह भवन खण्डवा बायपास महिला एवं बाल विकास शहरी परियोजना कार्यालय में किया गया।

कार्यक्रम में सामुहिक शपथ के माध्यम से बाल विवाह मुक्त बनाने की संकल्प से लिया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रंगारे ने बालिका की उम्र 18 वर्ष एवं बालक की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही विवाह करने की जानकारी दी एवं बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामो के बारे में बताया। उन्होने अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को बाल होने की सुचना मिलती है तो वह तुरंत नजदिकी पुलिस थाने एवं संबंधित विभाग को सुचित करें।



#### अभियान की शुरुआत 27 नवंबर 2024 को की गई थी

जिला कार्यक्रम अधिकारी रंगारे ने बताया कि बाल विवाह रोकथाम अभियान की शुरुआत 27 नवंबर 2024 को की गई थी। अभियान के एक वर्ष होने के अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत की दिशा में तेजी लाने के लिए पूरे देश में 100 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 27 नवंबर 2025 से 08 मार्च 2026 तक संपूर्ण भारत में चलाया जायेगा। अभियान के तहत सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों, शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में शपथ का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। अभियान का पहला चरण 27 नवंबर से 31 दिसंबर तक सभी शिक्षण संस्थानों जैसे स्कूल कालेज के जरिये जागरुकता फैलाने के लिए चलाया जायेगा। इस दौरान धार्मिक स्थानों और शादी से जुड़े सर्विस प्रोवाइडर पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा मंदिर, मस्जिद, चर्च गुरुद्वारा, शादी हाल, बैंड पार्टी, डीजे, टेंट हाउस संचालकों, कैटरिंग सर्विस आदि को जागरुक किया जाएगा। इस अभियान में बाल विवाह मुक्त गाँव को प्रमाण पत्र दिया जायेगा। इस दौरान ऐसी पंचायतों को प्रमाणित किया जायेगा, जो औपचारिक रुप से शून्य बाल विवाह के लिए प्रतिबद्ध हों।

---

### महामस्तकाभिषेक होगा

## श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर की छठवीं वर्षगांठ कल मनेगी



**खिरकिया।** नर्मदापुरम संभाग के सबसे बड़े धार्मिक स्थल में से एक, खिरकिया स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर की छठवीं वर्षगांठ रविवार को अत्यंत भक्तिमय और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाई जाएगी। इस पावन अवसर पर, मंदिर के मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ की 11 फीट ऊँची पदमासन प्रतिमा का भव्य महामस्तकाभिषेक आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होंगे।

करीब सात हजार वर्गफीट में निर्मित यह मंदिर अपनी वास्तुकला और विशालता के लिए पूरे नर्मदापुरम संभाग में अद्वितीय है। यहां मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ की 11 फीट ऊँची पदमासन प्रतिमा विराजमान है।इस मंदिर का पंच कल्याणक महोत्सव साल 2019 में संपन्न हुआ था। यह धार्मिक अनुष्ठान आचार्य विद्यासागर महाराज के मंगल आशीर्वाद तथा मुनि अजितसागर महाराज, मुनि निर्लोभ सागर महाराज, मुनि निर्दोष सागर महाराज तथा एलक दयासागर महाराज के पावन सानिध्य में प्रतिष्ठाचार्य वाणी भूषण विनय भैयाजी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक हुआ था। समाज के सचिव धनंजय जैन ने बताया कि छठवीं वर्षगांठ के मुख्य आयोजन के लिए मंदिर परिसर में व्यापक तैयारियां की गई हैं। रविवार की सुबह भगवान पार्श्वनाथ की मनोहारी प्रतिमा का विधि-विधान पूर्वक महामस्तीकाभिषेक किया जाएगा। यह धार्मिक क्रिया जैन धर्म की परंपरा के अनुसार संपन्न होगी, जिसमें पवित्र जल से भगवान का अभिषेक किया जाएगा। इससे पहले एक छोटी सी शोभायात्रा निकाली जाएगी।रात्रि में 48 दीपों के साथ भक्तामर स्त्रोत की आराधना की जाएगी।

### एक दिसम्बर को प्रदेश में होगा गीता जयंती का भव्य आयोजन

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्री परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा श्रम कानून के संबंध में लिए गए फैसले के लिए मंत्रि-परिषद की ओर से उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग व्यापार के लिए यह अद्भुत कला है, श्रम से संबंधित 44 कानून की बजाय केवल 4 कानून की व्यवस्था से उद्योग व्यापार जगत को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा।

## बीएलओ और सहायकों का किया गया सम्मान



**रहटगांव।** बीएलओ और सहायक के द्वारा समयावधि से पूर्व उत्कृष्ट कार्य करने पर स्वागत, सम्मान किया गया। साथ ही बूथ क्रमांक116,117,118 119 के बीच एल ओ अनिल जागनवार, आरती सतनकर, भावना प्रजापति , संध्या गौर,कृष्णा सतनकर, विभा शर्मा, मधुर गौर, द्वारा 80 प्रतिशत कार्य किया जा चुका है। इस दौरान संतोष गौर रामकृष्ण सोलंकी ने कहा कि मतदाताओं की जागरूकता और कर्मचारी अधिकारी की मेहनत से लक्ष्य पूर्ण होने की ओर अग्रसर है। इस उत्कृष्ट कार्य हेतु बूथ के सभी कर्मचारियों को धन्यवाद साधुवाद ज्ञापित किया। इस दौरान भाजपा सपना अग्रवाल, ममता राठौर, हंसराज सोनी, दिनेश चावडा,निलेश कुमार गौर, जयदीप राठौर, प्रभु दयाल गौर, विजय गौर उपस्थित रहे।

## बजरंगियों ने समझाया तो क्रिश्चियन धर्म छोड़कर हिंदू बन गया परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

इंदिरा नगर शमशान घाट के पास रहने वाले कमलेश मालवीय का परिवार ईसाई मिशनरी से जुड़े लोगों के द्वारा दिए गए सरकारी नौकरी और नगदी राशि सहित अन्य सहयोग देने के लालच में आकर धर्म बदलकर ईसाई बन गया था।

ईसाई बन चुके परिवार ने हिंदू धर्म से और हिंदू धर्म के लोगों से नफरत करना शुरू कर दिया था। घर में रखी देवी देवताओं की प्रतिमाओं को चित्रों को हटाकर नदी में विसर्जित कर दिया था । घर से हिंदू धार्मिक किताबों को इस परिवार ने हटा दिया था। यह परिवार पूजा पाठ छोड़कर बाइबल के निर्देश अनुसार प्रार्थना करने लगा था । इस बात की भनक लगते ही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता इस परिवार के घर पर पहुंचे थे और उन्होंने इस मालवीय परिवार को समझाइए थी। मौके पर कोतवाली थाना पुलिस भी पहुंची थी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में एक आवेदन दिया था। उसके बाद कोतवाली थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही थी। इस परिवार पर अवैधानिक धर्मांतरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज होता इस से पहले कमलेश मालवीय के पिता विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धर्म रक्षक विभाग जिला प्रमुख जगदीश कुशवाहा, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर संयोजक समीर राय नगर अध्यक्ष परमवीर जाट जिला संयोजक प्रभात मेवाड़ा जिला अखाड़ा प्रमुख अनिरुद्ध प्रताप सिंह, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नगर पदाधिकारी यज्ञेश राठौर से मिले और वापस हिंदू धर्म में आने की बात कही ।



हिंदू परिषद के द्वारा गुरुवार को बाकायदा उनके घर पहुंच कर ईसाई बन चुके सभी सदस्यों को हिंदू धर्म में वापसी कराई गई। सभी को भगवा अंग वस्त्रम बनाए गए और तिलक लगाया गया गंगाजल चिड़कर उन्हें पवित्र किया गया। गीता जी रामायण जी और भगवान श्री रामचंद्र जी को साक्षी बनाया गया।